तापमान
अधिकतम 18 .5 डिग्री
न्यूनतम ग2 .8 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 10 जनवरी 2026

12 चोरी पर अंकुश लगाने के लिए गांवों में ठीकरी पहरा लगाने के दिए निर्देश



12 जमाव बिंदु की ओर पारा, सीजन की रही सबसे ठंडी रात आज भी बूंदाबांदी की संभावना



### बोर्ड को एचएसवीपी में मर्ज करने की योजना अधर में, बदहाल फ्लैटों की सुध लेने के लिए बजट तक नहीं

# बोर्ड के साथ 'हाउस' भी बदहाल, जर्जर मकानों में रह रहे लोग, हादसों की बढ़ रही आशंका


## किराएदार फ्लैटों की मरम्मत पर पैसा खर्च करने की स्थिति में नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

बीपीएल परिवारों को शहरों में सस्ते फ्लैट दिलाने की जिम्मा उठाने वाले हाउसिंग बोर्ड को एचएसवीपी में मर्ज करने की योजना अभी अधर में लटकी हुई है। बोर्ड की ओर से बनाई गई कॉलोनियां दुर्दशा का शिकार बनी हुई हैं, जिनसे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों की दशा सुधारने के लिए बोर्ड के पास बजट तक नहीं है। बोर्ड की ओर से शहर की अंसल सोसायटी के पास हाउसिंग कॉलोनी का निर्माण लगभग दो दशक पूर्व कराया गया था। लगभग 300 फ्लैटों का निर्माण कराया गया था। अधिकांश फ्लैट 45 और 60 वर्ग गज में बने हुए हैं। इन फ्लैटों को ईडब्ल्यूएस स्कीम के तहत आवंटित करना शुरू किया गया था। बड़ी संख्या में लोगों ने बोर्ड के पास निर्धारित पैसा जमा नहीं कराया, जिस कारण उनका कब्जा आज तक नहीं दिया गया है। जिन लोगों ने कब्जा ले लिया वे या तो खुद इन फ्लैटों में रह रहे हैं या फिर किराएदार रखे हुए हैं। फ्लैट लेकर खुद रहने वाले लोग इनकी सही देखरेख कर रहे हैं, लेकिन आवंटित होने से बचे फ्लैट जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं। इनके किसी भी समय गिरने का खतरा बना हुआ है, लेकिन बोर्ड खुद अपना अस्तित्व खाने की कगार पर है। कॉलोनी में रह रहे लोगों का जीवन भी जर्जर मकानों के बीच दयनीय नजर आ रहा है।

बोर्ड की ओर से शहर की अंसल सोसायटी के पास हाउसिंग कॉलोनी का निर्माण दो दशक पूर्व करवाया गया था। इसमें करीब लगभग 300 फ्लैट बने हुए हैं अधिकांश फ्लैट 45 और 60 वर्ग गज के हैं।

**अंसल सोसायटी के पास हाउसिंग बोर्ड के जर्जर हालत में फ्लैट**





### बीच में या ऊपर के फ्लैट खाली

कॉलोनी के बीच में या दूसरी मंजिल के कई फ्लैट खाली पड़े हुए हैं। लंबे समय से खाली पड़े फ्लैटों की छतों पर पौधे बड़े होकर पेड़ तक बन चुके हैं। छतों पर व बीच के फ्लैटों की मुंडेर पर झाड़ियां खड़ी हो चुकी हैं। इन फ्लैटों का प्लास्टर झड़ रहा है। पेड़-पौधों के कारण दीवारों और छतों में दरारें आ रही हैं। लैंटर के सरिए गल चुके हैं, जिनसे इन फ्लैटों के गिरने तक की आशंका बनी हुई है। खाली फ्लैटों के साथ रहने वाले लोगों के लिए जर्जर कमरे खतरा बने हुए हैं।

### किराएदारों को नहीं कोई परवाह

*बड़ी संख्या में इन फ्लैटों में किराएदार रह रहे हैं। किराएदार फ्लैटों की मरम्मत पर पैसा खर्च करने की स्थिति में नहीं हैं। बीच में या ऊपर के हिस्से में खाली फ्लैटों की मरम्मत का जिम्मा खुद हाउसिंग बोर्ड का है, परंतु एचएसवीपी में मर्ज करने की योजना के चलते यह कार्य भी नहीं हो पा रहा है। बावल में करोड़ों रुपये की लागत से बनी कॉलोनी कोर्ट केस के चलते दुर्दशा का शिकार बनी हुई है।*



रेवाड़ी। हाउसिंग बोर्ड बंद पड़े फ्लैटों में ऊगे पेड़ व जमा गंदगी। फोटो : हरिभूमि

### अभी अधर में लटका हुआ मामला

हाउसिंग बोर्ड को एचएसवीपी में मर्ज करने का मामला अभी अधर में है। सरकार कर्मचारियों को समायोजित करने व दूसरे पेंच के चलते अभी बोर्ड को एचएसवीपी में मर्ज नहीं कर पाई है। जब तक मर्जर नहीं होता, तब तक एचएसवीपी में इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं कर सकता।

-दीपक घनघस, ईओ, एचएसवीपी।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। खोल थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद गत 15 दिसंबर को केस दर्ज किया था। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने डहीना निवासी निकेतन को गिरफ्तार किया है। उसका ट्रैक्टर भी कब्जे में लिया गया है। रामपुरा थाना पुलिस ने 6 नगर को हरिनगर के पास हुए हादसे के आरोपी ट्रक चालक राजस्थान के पहाड़ी निवासी जगमाल को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में बाइक सवार वकील की मौत हो गई थी। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामलों में दो आरोपी पकड़े

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खोल थाना पुलिस ने अस्पताल में घायल पीड़ित के बयान पर गत वर्ष 17 नवंबर को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने लिसान निवासी तनुजा को गिरफ्तार कर लिया। रामपुरा थाना पुलिस ने 6 जनवरी को दर्ज किए गए केस में एक आरोपी अजय नगर निवासी मनमोहन को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने गत 11 नवंबर को ससुराल पक्ष के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने कापसहेड़ा निवासी अरुण को गिरफ्तार कर लिया।

### कोर्ट से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बावल।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए जा चुके एक पीओ को लगभग 3 साल बाद गिरफ्तार किया है। एक मामले में बावल कोर्ट ने नूंह के शिकारपुर निवासी असगर को पीओ घोषित कर दिया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। बावल थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर असगर के खिलाफ वर्ष 2023 में अवमानना का केस दर्ज किया था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### एक्साइज एक्ट का आरोपी जांच में शामिल

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी को तफ्तीश में शामिल किया है। पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में गत 6 जनवरी को एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। आरोपी गोकलगढ़ निवासी संदीप पुलिस के हाथ नहीं लग पाया था। पुलिस ने आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### यादव कल्याण सभा का निःशुल्क जांच कैंप कल

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 11 जनवरी को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. शिवरत्न यादव मेडिसिन, डा. अजय हड्डी रोग, डा. अभिनव राव सर्जरी, डा. कंचन यादव नेत्र रोग, डा. योगेन्द्र चर्म रोग व डा. अजीत बालरोग के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे।

# चालक व क्लीनर को बंधक बनाकर हाइवा लूटने के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ बावल

बावल थाना पुलिस ने करीब सात साल पहले चालक व क्लीनर को बंधक बनाकर हाइवा लूटने के मामले में एक और आरोपी को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूंह के गांव रिठठ निवासी असगर के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जिला फरीदाबाद के गांव गोठडा मोहताबाद निवासी अमित ने अपनी शिकायत में बताया था कि 20 अक्टूबर 2018 की रात को उसकी हाइवा गाड़ी के चालक सबीर व क्लीनर वाजिद राजस्थान से पत्थर भरकर फरीदाबाद जा रहे थे।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी असगर। फोटो : हरिभूमि

- गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला नूंह के गांव रिठठ निवासी असगर के रूप में हुई

### आरोपियों ने उनसे नकदी व मोबाइलभी छीन लिए थे

दिल्ली-जयपुर हाईवे पर स्थित जयसिंहपुर खेड़ा बार्डर के निकट एक स्विफ्ट कार में सवार होकर आए कुछ युवकों ने उनकी गाड़ी को रुकवा लिया तथा केबिन में सवार हो गए। पिस्तौल दिखाकर सबीर व वाजिद को बंधक बना लिया। आरोपियों उनसे नकदी व मोबाइल फोन भी छीन लिए तथा हाइवा लेकर फरार हो गए। वह चालक व क्लीनर को बंधक बनकर कुछ समय तक कार में ही इधर-उधर घुमाते रहे तथा दोनों को गांव खलीलपुरी के निकट सुनसान जगह पर फेंककर चले गए। पुलिस ने मामले में संलिप्त तीन आरोपी इरशाद, मुनाफ व सदरूदिन को पहले ही काबू कर लिया था। पुलिस ने लूटा हुआ हाइवा भी बरामद कर लिया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी असगर को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर काबू किया है।

### अस्पताल के वार्ड ब्वाय ने फांसी लगाकर जान दी

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन के एक प्राइवेट अस्पताल में वीरवार की रात वार्ड ब्वाय ने संदिग्ध हालत में फांसी लगा ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।निमोठ निवासी करीब 30 वर्षीय महेश रेखा आई अस्पताल में वार्ड ब्वाय के तौर पर कार्यरत था। वीरवार को उसकी रात की ड्यूटी थी। वह रात को अस्पताल की छत पर चला गया। जब काफी देर तक वह नीचे नहीं आया, तो उसके सहकर्मियों ने उसकी तलाश शुरू की। उसका शव छत की सीढ़ी पर बनी रेलिंग से लटका हुआ मिला।अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मॉडल टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया। सामान्य अस्पताल से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# काकोड़िया के महेश हत्याकांड में शामिल दूसरा आरोपी गिरफ्तार

- गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव डाबड़ी निवासी मेहरचंद के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी

सदर थाना पुलिस ने गत वर्ष 25 नवंबर की रात गांव काकोड़िया में एक रेस्टोरेंट कर्मचारी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव डाबड़ी निवासी मेहरचंद के रूप में हुई है। गांव काकोड़िया निवासी विजयपाल ने गांव के मैन रोड पर रेस्टोरेंट किया हुआ है, जिस पर महेश निवासी गांव आलनपुर जिला अलवर राजस्थान कारीगर का काम करता था। 25 नवंबर 2025 रात्रि के समय महेश रेस्टोरेंट के पास खड़ा हुआ था कि तभी वहां तीन व्यक्ति मेहरचन्द निवासी गांव डाबड़ी, तेजपाल निवासी गांव काकोड़िया व अशोक उर्फ बड्डु निवासी गांव गोकलगढ पर आ गए और महेश से झगड़ा करने लगे। जब वह उनको छुड़ाने के लिए गया तो उसी दौरान अशोक उर्फ बड्डु ने महेश को गोली मार दी। उसके बाद तीनों व्यक्ति अपनी बाइक पर फरार हो गए। गोली लगने से महेश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हत्या व आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त मुख्य आरोपी गांव गोकलगढ़ निवासी अशोक उर्फ बड्डु को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई एक देशी पिस्तौल व तीन जिंदा रौंद भी बरामद किए थे। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी मेहरचंद को भी गिरफ्तार कर लिया हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग की गई बाइक को भी बरामद कर लिया



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में हत्या के मामले में शामिल आरोपी। फोटो : हरिभूमि

# बाबा मुक्तेश्वर पुरी गोशाला को मिला ट्रैक्टर, कैबिनेट मंत्री का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोसली

कोसली की बाबा मुक्तेश्वर पुरी गोशाला को कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा के प्रयासों से एपीसीपीएल के माध्यम से ट्रैक्टर मिला है। गोशाला कमेटी व ग्रामीणों ने ट्रैक्टर उपलब्ध कराने पर कैबिनेट मंत्री  का आभार प्रकट किया। गोशाला कमेटी के सदस्य अमित यादव, हैप्पी यादव, ऋषि भारद्वाज,अमन सेठ, बग्गा राव, शक्ति, अजय राव, कृष्ण यादव, विशाल, लखन, देवेंद्र यादव व जिला पार्षद जीवन हितैषी ने कहा कि ट्रैक्टर मिलने से आगामी सीजन में गोवंश के लिए चारे की व्यवस्था, भूसा ढुलाई, खेतों से हरा चारा लाने तथा गोशाला से जुड़े अन्य आवश्यक कार्यों को सुचारु रूप से करने में काफी सुविधा मिलेगी। ट्रैक्टर की सुविधा मिलने से गोवंश की सेवा और संरक्षण के कार्यों को और बेहतर ढंग से किया जा सकेगा।



रेवाड़ी। बाबा मुक्तेश्वरपुरी गोशाला को मिला ट्रैक्टर।

# विधायक ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

- विधायक अनिल यादव का आभार प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोसली

विधायक अनिल यादव ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। विधायक अनिल यादव शुक्रवार को अपने कोसली कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, पीएम किसान सम्मान निधि, मिड डे मील स्कीम, आयुष्मान भारत, अंत्योदय परिवार उत्थान कार्यक्रम, हैप्पी कार्ड आदि को पारदर्शी तरीके से लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।



रेवाड़ी। आमजन की शिकायतों को सुनते हुए विधायक अनिल यादव।

### मौके पर ये मौजूद रहे

*सरकार ने प्रदेश में ऐसा शासन तंत्र विकसित किया है कि आम आदमी को किसी सरकारी योजना से जुड़ने के लिए बार-बार दफ्तरों के चक्कर लगाने नहीं पड़ते। कोसली अनाज मंडी पहुंचने से पहले व्यापार मंडल ने जन विकास योजनाओं को लागू कराने के लिए विधायक अनिल यादव का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेश यादव, कोआपरेटिव सोसायटी के चेयरमैन कपिल यादव, पंचायत समिति चेयरमैन दुष्यंत सिंह, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन दिनेश गोयल, जिला पार्षद जीवन हितैषी, जिला सचिव सरदार, सिंह भाला, तेजपाल गर्ग, उदयभान डागर व मंडल अध्यक्ष हरीश दायमा मौजूद थे।*

### डीटीपी की टीम ने पांच निर्माणाधीन अवैध मकान, डीलर रूम व कच्चे रोड नेटवर्क को किया ध्वस्त

# बावल में चला डीटीपी का पीला पंजा, अवैध कॉलोनी की जमींदोज





रेवाड़ी। बावल में अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी, बावल में अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏩ रेवाड़ी/बावल

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को बावल क्षेत्र की राजस्व सीमा में अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम बावल से रसियावास रोड पर पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 4 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्त कर दिया। टीम ने 8 डीपीपी, 5 चारदिवारी, 5 निर्माणाधीन अवैध मकान, डीलर रूम व कच्चे रोड नेटवर्क को जमींदोज कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

### प्लॉट खरीदने से पहले पूछताछ जरूर करें: सिहाग



*डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।*

- डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई हैं

### अदालत में पेश न होने पर बेल जंपर गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** अभियोग संख्या 73/2020 धारा 323,506 आईपीसी थाना शहर में आरोपी मनोज उर्फ मिर्ची निवासी मोहल्ला कुतुबपुर को अदालत की ओर से जमानत पर छोड़ा गया था और आगामी तारीख पेशी पर न्यायालय में पेश होने के आदेश दिए गए थे। आरोपी ने निश्चित की गई तारीख पर अदालत के सम्मुख पेश न होकर अदालत के आदेशों की अवहेलना करने की, जिस पर आरोपी मनोज उर्फ मिर्ची को जमानोत्तर अपराधी घोषित किया गया था। वीरवार को पुलिस के पीओ स्टाफ ने आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के सम्मुख पेश किया।

- मनोज उर्फ मिर्ची निवासी मोहल्ला कुतुबपुर को अदालत की ओर से जमानत पर छोड़ा गया था

## खबर संक्षेप



### जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर ठंड में दी राहत

**रेवाड़ी।** जन शक्ति जागृति मंच की ओर से बढ़ती ठंड को देखते हुए सामाजिक सरोकार के तहत जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। संस्था के सदस्यों ने सरकुलर रोड, बाईपास पर झुग्गी-झोपड़ियों और बस स्टैंड पर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितितिर कर ठंड में राहत दी। जन शक्ति जागृति मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने कहा कि सर्दी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अन्य सामाजिक संगठनों को भी जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर दीपक कुमार, प्रकाश वर्मा, विजय सिंह व कुलदीप सोनी सहित संस्था के सभी सदस्य मौजूद थे।

### सक्रांति व लोहड़ी पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में जीवन में नई उमंग व उल्लास भरने वाला कार्यक्रम मकर सक्रांति एवं लोहड़ी के त्यौहार- लाए जीवन में खुशियों की बहार का आयोजन 11 जनवरी को प्रातः 7.30 बजे पंजाबी धर्मशाला में किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि आईएमए जिले की नवनिर्वाचित प्रधान डा. नीरज यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि तथा शिक्षाविद प्रो. सीएल सोनी विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से संरक्षक रमेश सचदेवा, पांडे सहसचिव व डा. मीनाक्षी यादव कोषाध्यक्ष आईएमए का अभिनंदन किया जाएगा। कार्यक्रम में मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आसन, प्रणायाम व लॉफ्टर थेरेपी का अभ्यास भी कराया जाएगा।

### मुख्य द्वार निर्माण के निर्णय का किया स्वागत

**रेवाड़ी।** शहर में अंतिम हिंदू सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य के नाम से महेंद्रगढ़ रोड पर मुख्य द्वार का निर्माण कराया जाएगा। नगर परिषद के कार्यकाल की अंतिम हाउस बैठक में निर्णय लिया गया। अखिल भारतीय भार्गव सभा सहित अनेक संगठनों ने इसकी सराहना की है। पूर्व पार्षद प्रदीप भार्गव पिंकी ने कहा कि अंतिम हिंदू सम्राट हिंदुओं का गौरव है।

### कड़ाके की ठंड ने एक बार फिर से लोगों को कंपकंपाया

# जमाव बिंदू की ओर पारा, सीजन की सबसे ठंडी रात, आज भी बूंदाबांदी की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

मौसम ने एक बार फिर से करवट ली है। जिले के अधिकांश हिस्सों में शुक्रवार सुबह कहीं हल्की, तो कहीं मध्यम बारिश से किसानों को राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को भी बूंदाबांदी व हल्की बरसात की संभावना है। सुबह हुई बरसात से रात का तापमान 2.2 डिग्री की गिरावट के साथ 2.8 पर आ गया, जोकि इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है। हांलाकि दिन का तापमान 505 डिग्री की वृद्धि के साथ 18.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, लेकिन शीत लहर के कारण दिन में भी ठिठुरन से लोग कंपकंपाते नजर आए। गत वर्ष 9 जनवरी को अधिकतम तापमान 22.5 व न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री दर्ज किया गया था। कड़ाके की ठंड का प्रकोप शुरू हो गया है। आगामी दिनों में आसमान में बादल छाने और बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है। कोहरे का प्रकोप एक बार फिर वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा सकता है। शुक्रवार को सुबह के समय बाहरी क्षेत्रों को कोहरा छाया रहा।

### रबी फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगी हल्की बरसात





**रेवाड़ी।** ठंड से बचाव के लिए अलाव तापते हुए लोग तथा शुक्रवार को सुबह महेन्द्रगढ़ रोड पर छाया कोहरा। *फोटो : हरिभूमि*

#### फसलों के लिए वरदान साबित होगी बारिश

इस बार बारिश नहीं होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। शुक्रवार को हल्की बरसात से किसानों को काफी राहत मिली। इस समय सरसों और गेहूं दोनों फसलों पर रौनक छाई हुई है। फसलों पर रोग का प्रकोप भी देखने को नहीं मिला है। इस समय होने वाली बरसात दोनों फसलों के लिए काफी लाभकारी साबित होगी। किसानों को बरसात के बाद अगेती सरसों की सिंचाई करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

#### किसानों को पाला जमने की चिंता

शुक्रवार को रात का तापमान जमाव बिंदू की ओर अग्रसर हो गया। हांलाकि सुबह हल्की बरसात ने किसानों को राहत दी, लेकिन अच्छी बरसात नहीं होने से किसानों को पाला जमने की आशंका भी सता रही है। अभी तक मौसम सरसों और गेहूं के लिए अनुकूल बना हुआ है। सरसों की फलियों में दाना बनना शुरू हो गया है। अगर इस समय पाला जमता है, तो वह सरसों के दाने को खराब कर देगा। इससे फसल उत्पादन प्रभावित होगा। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ती ठंड में किसानों को फसलों की नियमित रूप से हल्की सिंचाई करनी चाहिए। इससे जमीन का तापमान बढ़ जाएगा, जो पाला जमने से रोकने में मददगार साबित होगा। किसान इस समय आसमान पर नजर लगाए हुए हैं। अच्छी बरसात किसानों और फसलों के लिए उपयोगी साबित हो सकती है।



**रेवाड़ी।** ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस का नशा मुक्त अभियान जारी

## ग्रामीणों को करवाया नशे के दुष्प्रभावों से अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से नशा मुक्ति और समाजिक जागरूकता की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम ने शुक्रवार को गांव नांगल पठानी, हालुहेडा व ढोकिया का दौरा कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर पुलिस टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। सभी युवा देश का भविष्य है, जिनको पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाकर नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

इसके साथ ही नशा मुक्ति टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों व यातायाता के नियमों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी व पासवर्ड आदि हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर सूचना दें। इस मौके पर सभी ग्रामीणों ने नशा और साइबर अपराधों से दूर रहने की शपथ भी ली।

#### नियमों का पालन जरूरी

पुलिस टीम ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना जरूरी है। हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग और यातायात संकेतों का पालन हमारी सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। पुलिस टीम ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या आपातकालीन स्थिति हो तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें।



रेवाड़ी। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीसी अभिषेक मीणा।

### जिले की सभी सड़कों पर सफेद पट्टी मार्किंग व रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में डीसी ने सर्दी के मौसम के मद्देनजर संबंधित अधिकारियों को जिला की सभी सड़कों पर सफेद पट्टी, मार्किंग व रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। वहीं केंद्र सरकार की ओर से 31 जनवरी तक मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला में वाहन चालकों को सड़क नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। डीसी मीणा ने कहा कि सर्दी के मौसम में कोहरे व धुंध को देखते हुए वाहन चालकों की सुविधा के लिए सड़कों की पूरी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करे, ताकि धुंध के समय वाहन चालकों को परेशानी न हो। उन्होंने सड़कों पर लाइट को सुचारू रूप से चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला के सभी रोड से अवैध कटों को पूर्णत बंद रखा जाए तथा क्षतिग्रस्त सड़कों की तुरंत प्रभाव से मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। जिला की सड़कों पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सुरक्षात्मक उपाय किए जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में भी सडक सुरक्षा नियमों को लेकर निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाए। वहीं स्कूल वाहनों की सड़क सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत नियमों के अनुसार जांच सुनिश्चित की जाए। डीसी ने कहा कि संबंधित विभाग अपने अधिकार क्षेत्र की सड़कों पर गड्ढों को दुरुस्त करने के साथ ही टी-प्वाइंट आदि आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड और ब्रेकर बनवाएं।

### एसयूसीआई ने वेनेजुएला पर किए सैन्य हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

**रेवाड़ी।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बुड़ना चौक पर अमेरिकी साम्राज्यवादियों की ओर से वेनेजुएला पर किए गए सैन्य हमले के विरोध में प्रदर्शन किया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंककर इस कार्रवाई की निंदा की। इस मौके पर एसयूसीआई देहात के सचिव करतार सिंह खटावली ने कहा कि अमेरिकी साम्राज्यवादियों द्वारा वेनेजुएला पर नहीं, बल्कि पूरे लैटिन अमेरिका देशो पर हमला है,जिसका उद्धेश्य वहां के देशों को बल प्रयोग के जरिए अपने अधीन कर के उन देशों के पेट्रोलियम आदि संसाधनों को लूटना है। अमरीका लंबे समय से दबाव बना कर अपने हित साधता रहा है। वेनेजुएला पर किया गया हमला उसी साम्राज्यवादी नीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों से दुनिया में अशांति और युद्ध का खतरा बढ़ता है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो व उनकी पत्नी सीलिया फ्लोर्स को तुरंत रिहा करने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में जिला कमेटी सदस्य नरेश तुर्कियावास, संदीप कुमार, अशोक कुमार, निरंजन सिंह, राकेश सुनारिया, संतोष, पूनम मीरपुर, मोनिका व गजराज सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।




**रेवाड़ी।** अमेरिकी राष्ट्रपति का पूतला फूंकते एसयूसीआई कार्यकर्ता।

## प्रधानमंत्री सूर्य मुफ्त बिजली घर योजना का लाभ उठाएं आमजनः डा. कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी



बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य मुफ्त बिजली घर योजना केंद्र सरकार की जनहितैषी पहल है। योजना का उद्देश्य देशभर में अधिक से अधिक घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर मुफ्त में बिजली प्रदान करना है। योजना के तहत बावल के सभी गांवों में सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। विधायक डा. कृष्ण कुमार ने शुक्रवार को भाड़ावास में बिजली और जनता दरबार लगाकर जनसुनवाई करने के साथ-साथ योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी के चेक वितरित भी किए। दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने बताया कि योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ता, जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है, उन्हें 2 किलोवाट तक के सोलर कनेक्शन पर केंद्र सरकार द्वारा 60,000 रुपये की सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। योजना का लाभ हर जरूरतमंद परिवार को देने के उद्देश्य से राज्य सरकार भी 50,000 रुपये की सब्सिडी प्रदान कर रही है। योजना में कुल 1,10,000 रुपये तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त, जिन उपभोक्ताओं की वार्षिक आय 1.80 लाख से 3 लाख रुपये तक है, उन्हें केंद्र सरकार 60,000 तथा राज्य सरकार 20,000 रुपये की सब्सिडी प्रदान कर रही है। अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को 2 किलोवाट तक के सोलर कनेक्शन पर केंद्र सरकार द्वारा 60,000 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है, जबकि 3 किलोवाट अथवा उससे अधिक क्षमता के सोलर कनेक्शन पर 78,000 रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

- विधायक ने योजना के लाभ पात्रों को सब्सिडी के चेक किए वितरित

## मांगों को लेकर अनुबंध विद्युत कर्मचारियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

अनुबंध विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान में शुक्रवार को झज्जर रोड स्थित शक्ति भवन के सर्कल कार्यालय में धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरने पर सैकड़ों की संख्या में अनुबंध विद्युत कर्मचारियों ने भाग लिया। धरने पर प्रदेश के प्रांत मंत्री देवीलाल खुराना मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कच्चे कर्मचारियों को पक्के कर्मचारियों की तर्ज पर सुरक्षा कवच उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने सेफ्टी बेल्ट, प्लास, ग्लव्ज व सेफ्टी चेन सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण तत्काल उपलब्ध कराने तथा लंबित वेतन-भत्तों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग उठाई। इस अवसर पर रेवाड़ी सर्कल की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

#### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर जिला मंत्री विक्रम श्योराण, महासचिव जीवन ठाकुर, कोषाध्यक्ष ओमवीर यादव, संगठन मंत्री रविंद हुडा, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, प्रदेश सचिव उदय शंकर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य करमबीर जाखड़, जिला मंत्री राजबाला , जिला प्रधान राजबीर, प्रवीन तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राकेश यादव भी मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां शुरू

- इस बार पुलिस लाइन में होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



**रेवाड़ी।** समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते डीसी।

जिले में गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस बार जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस समारोह पुलिस लाइन प्रांगण में देशभक्ति से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वज फहराया जाएगा व मार्च पास्ट का निरीक्षण करते हुए परेड की सलामी ली जाएगी, जिसके लिए सभी संबंधित विभाग तैयारियों में जुट जाएं। डीसी मीणा ने बताया कि जिला मुख्यालय सहित उपमंडल कोसली व बावल में भी गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामयी ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे परेड, मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों पर विशेष ध्यान दें।

#### मौके पर ये मौजूद रहे

बैठक में पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, डीएमसी ब्रह्म प्रकाश, एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

### निपुण विद्यार्थी विकसित भारत में मुख्य कड़ी का कार्य करेंगे : डीसी

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को पूरा करने में शिक्षकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। शिक्षकों की ओर से निपुण बनाए गए विद्यार्थी विकसित भारत में मुख्य कड़ी का कार्य करेंगे। डीसी शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय जलियावास में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को प्रोत्साहितकर रहे थे। डीसी ने मृदुल आश्रय सामाजिक संस्था की ओर से विद्यार्थियों के लिए ट्रेकसूट और किताबों का वितरण करने के साथ शिक्षा विभाग द्वारा निपुण हरियाणा के तहत शिक्षकों के लिए आयोजित की जा रही ट्रेनिंग का भी निरीक्षण किया। डीसी मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से शिक्षा में गुणवत्ता लाने के उद्देश्य से निपुण हरियाणा के तहत शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे और बेहतर ढंग से बच्चों शिक्षा देते हुए उन्हें मुख्यधारा से जोड़े। निपुण हरियाणा मिशन के तहत कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों को मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान करने के लिए शुरू किया गया है। इसके तहत शिक्षकों को एफएनएल ट्रेनिंग दी जाती है। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों से आह्वान किया वे अच्छे से प्रशिक्षण लेकर विद्यार्थियों को सहजता के साथ ज्ञान अर्जित करें। डीसी ने मृदुल आश्रय सामाजिक संस्था की भी सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए हमेशा अग्रणी भूमिका में रहती है। विद्यार्थियों का किसी न किसी रूप में सहयोग करती रहती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मलखंभ सहित कई गतिविधियों का प्रदर्शन किया।

### अधिक समय तक लंबित कोई शिकायत न रहेः डीसी

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि किसी विभाग में दो माह से अधिक समय तक कोई शिकायत लंबित न रहे, शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करें और नागरिकों को राहत पहुंचाएं। डीसी अभिषेक मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक से पहले आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्त के साथ समाधान प्रकोष्ठ में आई शिकायतों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में एडीसी राहुल मोदी, डीएमसी ब्रह्म प्रकाश, एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद थे।



**रेवाड़ी।** रामपुरा थाने में बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### चोरी पर अंकुश लगाने के लिए गांवों में ठीकरी पहरा लगाने के दिए निर्देश

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना प्रबंधक पीएसआई संजय कुमार ने शुक्रवार को थाने में क्षेत्र के मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक कर उन्हें विभिन्न अपराधों की जानकारी, उनसे बचाव सहित नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक किया। एचएचओ ने सर्दी के मौसम में बढ़ती चोरी की वारदातों को रोकने के लिए गांव में ठीकरी पहरा लगाने बारे भी आवश्यक निर्देश दिए गए। एसएचओ ने कहा कि सर्दी के मौसम में गांवो में चोरी की घटनाएं बढ़ने लगती है। इन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अपने-अपने गांवो में नियमित रूप से ठीकरी पहरा लगवाना सुनिश्चित करें ताकि सर्दी के मौसम के दौरान बढने वाली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकें। उन्होंने कहा कि गांवों में शरारती तत्वों, नशाखोरी करने व संदिग्धों व्यक्तियों पर नजर रखे तथा इनकी सूचना तुरंत पुलिस को डायल-112 पर दे। पुलिस प्रशासन ऐसी सूचना पर जल्द और कड़ी कार्रवाई करेगा। उन्होंने मौजिज व्यक्तियों से गांवों में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी अपील की।

**जिला परिषद का चुनाव** चुनाव खर्च लेखा रजिस्टर चुनाव परिणाम जारी होने के एक माह के अंदर जमा कराना था

# चुनाव-2022 के खर्च का लेखा-जोखा न देने पर 29 उम्मीदवार अयोग्य घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत अभिषेक मीणा ने हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग पंचकूला की हिदायत अनुसार प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के 29 जिला परिषद का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव खर्च रजिस्टर जमा न कराने के कारण आगामी 5 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत अभिषेक मीणा ने जारी आदेश में बताया कि हिदायत अनुसार चुनाव खर्च लेखा रजिस्टर चुनाव परिणाम जारी होने के एक माह के अंदर-अंदर जमा कराना था। उन्होंने बताया कि कुल 133 उम्मीदवारों में से 48 उम्मीदवारों की ओर से पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2022 के दौरान जिला परिषद का चुनाव लड़ा गया था, लेकिन उनके द्वारा चुनाव खर्च लेखा रजिस्टर अभी तक जमा नहीं कराया गया है। जिन 48 उम्मीदवारों ने चुनाव खर्च लेखा जमा नहीं कराया, उनको 6 अक्टूबर 2025 को निजी सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया था। निजी सुनवाई के दौरान 10 जिला परिषद उम्मीदवार उपस्थित हुए। निजी सुनवाई के दौरान उम्मीदवारों को 15 दिन के अंदर-अंदर चुनाव खर्च लेखा जमा कराने के निर्देश दिये गए थे तथा दूरभाष पर भी 48 जिला परिषद उम्मीदवारों को चुनाव खर्च लेखा जमा कराने की सूचना दी गई। इसके उपरांत 28 नवंबर 2025 को पुनः निजी सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए पुनः 15 दिन के अंदर-अंदर चुनाव खर्च लेखा जमा कराने के लिए अंतिम अवसर दिया गया था। उन्होंने बताया कि 29 जिला परिषद उम्मीदवारों की ओर से अपना चुनाव खर्च रजिस्टर अभी तक जमा नहीं कराया, न ही निजी सुनवाई के दौरान उपस्थित हुए तथा न ही इस सम्बन्ध में कोई दस्तावेज इस कार्यालय में जमा कराएं।



**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा।

#### इन उम्मीदवारों को किया अयोग्य घोषित

डीसी ने जारी आदेश में वार्ड नंम्बर-1 के सुरेन्द्र कुमार पुत्र मोहर सिंह निवासी बव्वा, वार्ड नंबर-1 के चंद्रदीप पुत्र सत्यपाल निवासी खुर्शीदनगर, वार्ड नंबर-1 के अजीत पुत्र सत्यपाल निवासी झौलरी, वार्ड नंबर-3 के प्रेम कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी कोसली, वार्ड नंबर-4 सुनील कुमार पुत्र हरिराम निवासी गुरावड़ा, वार्ड नंबर-5 मन्जुबाला पत्नी कपिल मुनी निवासी बाबडोली, वार्ड नंबर-5 उर्मिला पुत्र कुलजीत सिंह निवासी चौकी नंबर 2, वार्ड नंबर-5 मीना पत्नी तपेश्वर निवासी बेरली कला, वार्ड नंबर-5 जया यादव पत्नी देवेन्द्र निवासी बिहारीपुर, वार्ड नंबर-6 अनिल कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी डहीना, वार्ड नंबर-6 सुरेश पुत्र रामनिवास निवासी गोठडा टप्पा डहीना, वार्ड नंबर-8 संदीप कुमार पुत्र वेद प्रकाश निवासी ढाणी कोलाना, वार्ड नंबर-8 राजबीर पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी अहरोध, वार्ड नंबर-8 गोपीराम पुत्र रामपत निवासी खोल, वार्ड नंबर-8 विराट पुत्र छोटेलाल निवासी ढाणी शोभा, वार्ड नंबर-10 लक्ष्मीबाई पत्नी रणधीर सिंह निवासी लिसाना, वार्ड नंबर-13 अनिरुध मातादीन निवासी नन्दरामपुर बांस, वार्ड नंबर-13 राजेश कुमार पुत्र शादीराम निवासी रसगण, वार्ड नंबर-14 राजेन्द्र प्रसाद पुत्र हरनारायण सिंह निवासी राजपुरा इस्तमुरार, वार्ड नंबर-14 कृष्ण कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी खोरी, वार्ड नंबर-14 दयानन्द पुत्र सुमेर सिंह निवासी धामलावास, वार्ड नंबर-14 देवेन्द्र सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी बधराना, वार्ड नंबर-15 मन्जुबाला पत्नी नरेश कुमार निवासी मसानी, वार्ड नंबर-15 रेणू पत्नी राजकुमार निवासी गोलियाकी, वार्ड नंबर-15 कोमल पत्नी रोहताश निवासी नंगली गोधा, वार्ड नंबर-16 मन्जु पत्नी महेन्द्र सिंह निवासी मुकन्दपुर बंसई, वार्ड नंबर-17 अजय कुमार पुत्र सुमेर सिंह निवासी रामसिहपुरा, वार्ड नंबर-17 विरेन्द्र सिंह, फूल सिंह निवासी शाहपुर तथा वार्ड नंबर-18 की सुदेश देवी पत्नी नरेन्द्र कुमार निवासी झाबुआ को चुनाव खर्च रजिस्टर जमा न कराने के कारण आगामी 5 वर्ष के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।